Seventeenth Loksabha

an>

title: Need to take steps to make India securing best position in Olympic 2020 games.

श्री राजीव प्रताप रूडी : महोदय, माननीय सांसद के विषय से संबद्ध है कि एक विधायक की हत्या हुई, पूरे परिवार का कत्ल हुआ, यह बहुत ही महत्वपूर्ण मामला है । महोदय, मैं देश के संदर्भ में, जिस विषय से सभी लोग संबद्ध होंगे कि वर्ष 1920 से भारत ओलंपिक खेलों में भाग लेता रहा है । लेकिन हर बार ओलंपिक का जब वर्ष आता है और ओलंपिक के खेल होते हैं, तो उस समय सदन में चर्चा होती है और हम अपने मेडल के आंकड़े देखते हैं । अभी राज्यवर्धन राठौर साहब यहां बैठे हुए थे, वह भी हमारे ओलंपियन हैं ।

13.00hrs

साल भर के बाद सन् 2020 में जापान में भी ओलंपिक्स होने हैं । महोदय, हमारी चिंता सिर्फ एक विषय पर है । अगर आप ध्यान से देखें तो भारत में जो आज हमारी आबादी है और जिस प्रकार से हम पूरी दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं । अभी हमारी आबादी 138 बिलियन पहुंच चुकी है । चीन हमसे लगभग 400 मिलियन ज्यादा है । 136 करोड़ की आबादी हमारी है और 142 करोड़ चीन की है । चीन 70 मेडल्स ले जाता है । अमरीका जिसकी आबादी 33 करोड़ है, वह 121 मेडल्स ले जाता है । यहां तक कि जर्मनी जिसकी आबादी बहुत ही कम है, जमाइका में सिर्फ 30 लाख की आबादी है और वह 11 मेडल्स ले जाता है । न्यूज़ीलैण्ड जिसकी आबादी 47 लाख है, वह 18 मेडल्स ले जाता है । स्विट्ज़रलैण्ड जिसकी आबादी आठ लाख है, वह लगभ 7 मेडल ले जाता है ।

महोदय, मैं यही कहना चाहूंगा कि यह विषय, क्योंकि हम सबको खेल से प्रेम है, आपको भी मैं देखता हूँ कि खेल से प्रेम है । इसमें पूरे भारतवर्ष की उस बड़ी पहचान का विषय बनता है, जब हम पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी का लक्ष्य रखते हैं, दुनिया में अंतरिक्ष में जाते हैं । …(व्यवधान) पता नहीं, आपकी भी रुचि इसमें रहती है ।

महोदय, इस पर सदन की कोई समिति बनाई जाए ताकि हम भी अपनी तरफ से देख सकें कि ओलंपिक्स के खेलों में जो पिछले सौ वर्षों में हमारी भागीदारी इतनी कम रही है, हमारे बीच में एक अच्युता जी आए हैं, जो ओडिशा से हैं, ये 25 हज़ार आदिवासी बच्चों को निशुल्क पढ़ाते हैं, खिलाते हैं । इसी सदन के एक सांसद ऐसे हैं, जिनके दस हज़ार आदिवासी बच्चे पिछले तीन साल से ट्रेनिंग ले रहे हैं । हम सब लोगों को, वैसे लोगों को, जो हमारे सांसद मित्र दस हज़ार आदिवासी बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं, इसलिए मैं सदन में यह बात कह रहा हूँ, क्योंकि एक वर्ष का समय है, देश के प्रधान मंत्री जी ने इस विषय पर अपनी बहुत रुचि ली है, सरकार रुचि ले रही है । लेकिन सदन के सभी सदस्यों को इसमें रुचि ले कर सन् 2020 के ओलंपिक्स में भारत सर्वश्रेष्ठ पोज़िशन पर जाए, इसके लिए हमें जो भी पहल करनी पड़े, हमें करनी चाहिए । एक आम सहमति बना कर हम सबको इस देश की प्रतिष्ठा के लिए इस काम को करना चाहिए ।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री अजय कुमार को श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।